Class - 2
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 5 मुरगा और लोमड़ी

1. शब्दार्थ

डाल	–	पेड़ की टहनी
खूँखार	–	डरावना, भयानक
क्षमा	–	माफी
विपत्ति	–	मुसीबत, कष्ट
जमीन	–	धरती
समाचार	–	खबर
सूझ–बूझ	–	समझदारी
हमला	–	आक्रमण

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. कहानी के लेखक का नाम बताइए।

(लेखक का नाम पाठ में नहीं दिया गया है। इसलिए इस प्रश्न को छोड़ देना है।)

ख. आपके अनुसार मुरगा चालाक था या लोमड़ी? और कैसे?

उत्तर मेरे अनुसार मुरगा चालाक था। अपनी सूझ–बूझ से मुरगे ने लोमड़ी से अपनी रक्षा की।

ग. मुरगे ने लोमड़ी से अपनी रक्षा कैसे की? (मूल्यपरक)

उत्तर मुरगे ने लोमड़ी को शिकारी कुत्तों का डर दिखाकर भगाया। इस प्रकार मुरगे ने अपनी सूझ–बूझ से लोमड़ी से अपनी रक्षा की।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. लोमड़ी ने मुरगे से क्या पूछा?

उत्तर लोमड़ी ने मुरगे से पूछा कि तुम डाली पर बैठकर क्या कर रहे हो?

ख. मुरगा डाली पर क्यों बैठा था?

उत्तर मुरगा डाली पर खूँखार जानवरों के डर से बैठा था।

ग. लोमड़ी ने मुरगे को क्या समाचार सुनाया?

उत्तर लोमड़ी ने मुरगे को समाचार सुनाया कि पशु–पक्षियों में समझौता हो गया है। अब कोई किसी पर हमला नहीं करेगा।

घ. लोमड़ी क्या कहकर वहाँ से चली गई?

उत्तर लोमड़ी यह कहकर वहाँ से चली गई कि कुत्तों ने अभी तक यह समाचार नहीं सुना है।

4. किसने, किससे कहा लिखिए :-

		किसने	किससे
क.	"आओ, नींचे उतर आओ।"	लोमड़ी ने	मुरगे से
ख.	"यह तो वास्तव में बहुत बड़ा समाचार है।"	मुरगे ने	लोमड़ी से
ग.	"अरे तुम घबरा क्यों गई?"	मुरगे ने	लोमड़ी से
घ.	"मुझे कुछ जरूरी काम है।"	लोमड़ी ने	मुरगे से

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. पेड़ की डाल पर कौन बैठा था?

✓ मुरगा　　कौआ　　लोमड़ी

ख. कैसे जानवरों के डर से मुरगा डाल पर बैठा था?

छोटे　　✓ खूँखार　　समझदार

ग. विपत्ति का क्या अर्थ है?

अचानक　　✓ मुसीबत　　भयानक